सुरक्षित घर पहुँचें

वर्कर्स कंपन्सेशन

यदि सामान/भोजन वितरित करते समय आपको चोट लग जाती है तो क्या आपके पास इसके लिए बीमा है?

- यदि काम पर आपको कोई गंभीर चोट लग जाती है या दुर्घटना में आपकी मृत्यु हो जाती है तो बीमा इस परिस्थिति में कुछ सुरक्षा (मुआवज़ा) देने के लिए होता है।
- बीमा जिस प्रकार का है, उसके आधार पर आपको चिकित्सा के ख़र्चों, वेतन के नुक़सान और दूसरी नौकरी के लिए योग्य बन पाने में सहायता मिल सकती है।

यदि मुझे काम पर चोट लग जाती है तो इसके लिए किस तरह के बीमे उपलब्ध हैं?

यदि आपको काम पर चोट लग जाती है या दुर्घटना में आपकी मृत्यु हो जाती है तो अलग-अलग तरह के बीमे आपको या आपके परिवार को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान कर सकते हैं:

- वर्कर्स कंपन्सेशन
- पर्सनल एक्सीडेंट या इंकम प्रोटेक्शन बीमा
- जीवन बीमा।

वर्कर्स कंपन्सेशन

- वर्कर्स कंपन्सेशन का भुगतान नियोक्ताओं को करना होता है जो काम पर उनके कामगारों को चोट लगने या दुर्घटना में उनकी मृत्यु होने पर सहायता (मुआवज़ा) देता है।
- यदि आपका दावा मंज़ूर हो जाता है तो आपको चोट के ठीक होने तक के वेतन के नुक़सान, चिकित्सीय, अस्पताल या दूसरी नौकरी के लिए योग्य बन पाने के ख़र्चों जैसी चीज़ों के लिए भुगतान मिल सकता है।
- ऑस्ट्रेलिया में स्वाधीन कांट्रेक्टर (स्व-नियोजित कामगार) आम तौर पर वर्कर्स कंपन्सेशन बीमे के अंतर्गत नहीं आते।
- भोजन वितरित करने वाले अधिकांश कामगार स्वाधीन कॉन्ट्रैक्टर (स्व-नियोजित कामगार) माने जाते हैं, न कि प्लेटफ़ॉर्मों के कर्मचारी। यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं, तो आपको अपने प्लेटफ़ॉर्म से संपर्क करना होगा और उनसे कहना होगा कि वे लिखित रूप में आपकी काम-काज की स्थिति बताएँ।

पर्सनल एक्सीडेंट बीमा या इंकम प्रोटेक्शन बीमा

- कुछ डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्म आपको काम पर रखने के समय पर्सनल एक्सीडेंट या इंकम प्रोटेक्शन बीमे का प्रस्ताव रखते हैं।
- यदि उस प्लेटफ़ॉर्म के लिए सामान/भोजन वितरित करते समय आपको चोट लग जाती है तो इस प्रकार का बीमा आपके चिकित्सीय ख़र्चों और वेतन के नुक़सान के लिए भुगतान करता है।

जिस प्लेटफ़ॉर्म के लिए मैं काम करता/करती हूँ, यदि वह बीमे का प्रस्ताव नहीं करते तो?

- यदि आपका प्लेटफ़ॉर्म आपको वर्कर्स कंपन्सेशन बीमा या कोई अन्य प्रकार का बीमा प्रदान नहीं करता तो आपको अपना पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, इंकम प्रोटेक्शन बीमा या जीवन बीमा करवाने के बारे में सोचना चाहिए।

मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे लिए बीमा करवाया गया है?

- हम यह सलाह देंगे कि जिस प्लेटफ़ॉर्म के लिए आप काम करते हैं, आप उनसे संपर्क करके पता करें कि क्या वे पर्सनल एक्सीडेंट बीमा करवा सकते हैं और उसमें किस-किस तरह के भुगतान शामिल हैं।
- आप अपने राज्य या टेरिटरी के वर्कर्स कंपन्सेशन प्राधिकरण से यह जानने के लिए संपर्क कर सकते हैं कि क्या आप वर्कर्स कंपन्सेशन के पात्र हैं।

यह सामग्री वर्कर्स कंपन्सेशन संबंधी जानकारी तक लोगों की पहुँच बढ़ाने के लिए प्रदान की गई है और इसका उद्देश्य क़ानूनी सलाह देना नहीं है और न ही आपके राज्य या टेरिटरी के वर्कर्स कंपन्सेशन कानूनों के अंतर्गत जो आवश्यकताएँ हैं, उनकी जगह लेना है।

अपने स्थानीय वर्कर्स कंपन्सेशन प्राधिकरण को यहाँ ढूंढें

वर्कर्स कंपन्सेशन के बारे में अधिक जानकारी